# मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

रेसीडेन्सी क्षेत्र – इन्दौर

क्रमांक 10236 / 28 / 2022 / चयन इन्दौर दिनांक 19 OCT 2023

## / / विज्ञप्ति / /

**राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2021 के तहत सहायक यंत्री (सिविल) पद के साक्षात्कार आयोजन संबंधी सूचना ।**

आयोग के विज्ञापन क्रमांक 16 / 2021 दिनांक 30.12.2021 एवं शुद्धिपत्रादी में मध्य प्रदेश शासन के विभिन्न विभाग के तहत राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2021 के अंतर्गत सहायक यंत्री (सिविल) के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है, उक्त पदों के ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किए जाने की अंतिम तिथि 03.06.2022 निर्धारित थी । उक्त पदों का मुख्य भाग 87 प्रतिशत के आधार पर एवं प्रावधिक भाग 13 प्रतिशत के आधार पर पदों का विवरण आयोग की वेबसाइट पर शुद्धिपत्र क्रमांक 07 / 16 / 2021, दिनांक 11.08.2023 द्वारा जारी किया गया है ।

02 / **सहायक यंत्री (सिविल)** पद के साक्षात्कार आयोग कार्यालय में दिनांक **02.11.2023** से आयोजित किए जाना सुनिश्चित किए गए है।

03 / उपरोक्त पद हेतु आयोग द्वारा योग्य आवेदको के साक्षात्कार पत्र आयोग की वेबसाईट www.mppsc.mp.gov.in से दिनांक **31.10.2023** से डाउनलोड कर सकते है ।

04 / साक्षात्कार हेतु आमंत्रित आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि साक्षात्कार दिवस को **प्रातः 09:00** बजे आयोग कार्यालय में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज कराना सुनिश्चित करें । आवेदक साक्षात्कार पत्र में दर्शित शर्तो का गहनता से परीक्षण कर उसका पालन करना सुनिश्चित करें ।

05 / सहायक यंत्री (सिविल) पद हेतु विभागों की अग्रमान्यता साक्षात्कार दिवस को आयोग कार्यालय में ऑनलाइन प्रस्तुत करने की सुविधा आवेदकों को प्रदान की जाएगी । एक बार भरी गई विभागों की अग्रमान्यता को किसी भी स्थिति में बदलने की सुविधा प्रदान नहीं की जाएंगी । विभागों की अग्रमान्यता बदलने हेतु प्रस्तुत अभ्यावेदन बिना विचार किए नस्तीबद्ध किए जाएंगें । अतः आवेदकों को निर्देशित किया जाता है कि विभागों की अग्रमान्यता प्रस्तुत करने के पूर्व भलीभॉति स्थिति ज्ञात करने के उपरांत ही विभागों की अग्रमान्यता प्रस्तुत करें ।

19.10.23

**उप परीक्षा नियंत्रक (चयन)**